महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार)
वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पोस्ट जवासिया, उज्जैन–456006 (म.प्र.)
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan
(Ministry of HRD, Govt. of India)
Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN- 456006 (M.P.)

प.सं. 5.5/2020(शै)/म.सा.रा.वे.वि.प्र/

- वेद-भूषण 1-5 व वेद-विभूषण 1 मूल्यांकन अधिसूचना –

समस्त पाठशाला एवं गुरू-शिष्य-परम्परा-योजना-इकाईयों एवं बाह्य-परीक्षा प्रणाली को सूचित किया जाता है कि कोविड-19 महामारी के प्रकोप को दृष्टिगत रखते हुए महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान की सत्र 2020-21 की वेद-भूषण-1 वर्ष से 5 वर्ष एवं वेद-विभूषण-1 वर्ष परीक्षा के छात्रों की परीक्षा स्थगित कर **मापदंडों के आधार पर** छात्र हित में औसत अंक प्रदान कर परीक्षा परिणाम घोषित करने हेतु प्रतिष्ठान की परीक्षा समिति द्वारा निर्देश दिया गया है। जिसमें:-

1. वेद-भूषण प्रथम वर्ष में वेद गुरु केवल वेद मूल्यांकन प्रपत्र भरेंगे। आधुनिक विषयों में छात्रों को उत्तीर्णांक प्रतिष्ठान द्वारा दिए जाएंगे।
2. वेद-भूषण द्वितीय वर्ष से वेद-विभूषण प्रथम वर्ष तक वेद एवं आधुनिक विषयों के अंक छात्र के गुरुजी द्वारा मूल्यांकन प्रपत्र में दिए जाएंगे। इसमें सम्पूर्ण उत्तरदायित्व गुरु का रहेगा।
3. मूल्यांकन से जारी परिणाम में प्राप्त अंकों से किसी भी छात्र/गुरुजी के सन्तुष्ट न होने पर भारत सरकार/स्थानीय प्रशासन के आदेश तथा परिस्थिति अनुकूल होनें पर छात्र का स्वहस्ताक्षरित एवं छात्र के गुरु द्वारा प्रमाणित आवेदन, गुरु अथवा विद्यालय के माध्यम से प्राप्त होने पर छात्र की पुनः परीक्षा पृथक् से प्रतिष्ठान द्वारा वैश्विक महामारी की परिस्थितियां अनुकुल होने पर आयोजित कराई जा सकती है। पुनः परीक्षा में सम्मिलित छात्र के परीक्षा परिणाम से छात्र के सन्तुष्ट न होने के कारण पुनः आयोजित परीक्षा के परिणाम ही अन्तिम/स्वीकार्य मान्य होंगे, एवं पुनः आयोजित परीक्षा अंको द्वारा जारी अंक पत्र ही अन्तिम मान्य होंगे।

पाठशाला/गुरु-शिष्य-परम्परा-योजना इकाई एवं बाह्य परीक्षा प्रणाली में अध्ययनरत छात्र के गुरुजी प्रपत्र प्रतिष्ठान की वेब-साईट पर जाकर लॉगिन ID एवं PASSWORD द्वारा छात्रों की प्रपत्र डाउनलोड एवं प्रिन्ट किए जा सकते हैं। यथाशीघ्र प्रपत्र भरकर प्रतिष्ठान की इमेल आई-डी session21@msrvvp.ac.in पर आगामी 10 दिवसों में 30 मई 2021 के पूर्व प्रेषित करेंगे। ई-मेल पर अपलोड करते समय प्रपत्र की साईज़ अधिकतम 500kb तक होना चाहिए, अधिक साईज़ होने पर पृथक से प्रपत्र अपलोड कर सकते हैं। किसी कारणवश/तकनीकि त्रुटि होने पर session21@msrvvp.ac.in पर इमेल कर तुरंत सूचित करें। पुनः आपको इसी इमेल द्वारा सूचित किया जाएगा। **किसी भी परिस्थिति में दूरभाष पर चर्चा नहीं की जाएगी।**

निरन्तर →

दूरभाष (0734)2502266, 2502254, 2502255 **फैक्स** (0734-2502253)
E-mail : msrvvpujn@gmail.com, website : www.msrvvp.ac.in

शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशों के अनुपालन में वेद-विभूषण द्वितीय वर्ष/सप्तम वर्ष/12वीं समकक्ष परीक्षा मूल्यांकन अभी विचाराधीन है। पृथक से इस सम्बन्ध में प्रतिष्ठान की वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा।

आवश्यक सूचना :- गुरुजी द्वारा प्रपत्र में अंक प्रदान करते समय पाठशाला/इकाई छात्र को नहीं बुलाया जाए, छात्र के अध्ययन स्तर को ध्यान में रखकर प्रपत्र में अंक देना है। इस हेतु अत्यन्त आवश्यक होने पर ही छात्र से दूरभाष/व्हिडियो कॉन्फ्रेन्स पर गुरुजी द्वारा वार्ता की जा सकती है।

दिनांक:- 19 मई 2021

19/5/2021

सचिव

(परीक्षा समिति की स्वीकृति से)

प्रतिलिपि:-
1. माननीय सचिव महोदय के निजी सचिव
2. सम्बन्धित पत्रावलि
3. समस्त पाठशाला/इकाई को सूचनार्थ एवं पालनार्थ
4. प्रतिष्ठान की वेबसाईट पर प्रकाशनार्थ